हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 10 जून 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 लव ट्रैप में फंसी नाबालिग, 10 लाख और...



07 भाजपा की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता ...



## खबर संक्षेप

### नगर पालिका द्वारा वर्षा से पहले की जा रही नाले-नालियों की सफाई



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार सीहोर नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा वर्षा ऋतु से पहले नगर के नालों एवं नालियों की साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। नगर पालिका सीएमओ सुधीर कुमार सिंह ने बताया नगर की सभी चौक एवं ओवरफ्लो नालियों की सफाई की जा रही है, ताकि वर्षाकाल के दौरान नागरिकों को कोई परेशानी न हो।

### द्वितीय चरण में 1.25 लाख से अधिक विद्यार्थियों को मिला आवंटन

**सीहोर।** प्रदेश के महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित ई-प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए द्वितीय चरण की आवंटन सूची जारी कर दी गई है। इस चरण में प्रदेशभर के 1 लाख 25 हजार 917 विद्यार्थियों को विभिन्न महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए सीट आवंटित की गई है। जारी सूची के अनुसार स्नातक (UG) स्तर पर 93 हजार 546 विद्यार्थियों तथा स्नातकोत्तर (PG) स्तर पर 32 हजार 371 विद्यार्थियों को महाविद्यालय आवंटित किए गए हैं। द्वितीय चरण में महाविद्यालय आवंटित विद्यार्थियों को 7 से 13 जून 2026 के बीच निर्धारित शुल्क जमा कर प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी।

### पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सकारात्मक कदम

**भैरुंदा।** नगर के वार्ड क्रमांक 6 स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड, जहां अब तक कचरे के ढेर नजर आते थे, वहां विश्व पर्यावरण दिवस पर हरियाली की नई शुरुआत की गई। नगर परिषद ने यहां पौधरोपण अभियान चलाकर यह संदेश देने की कोशिश की कि यदि इच्छाशक्ति हो तो उपेक्षित स्थान भी हरित क्षेत्र में बदले जा सकते हैं। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर और सीएमओ अधिकारी आर.पी. भावरे के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में परिषद के कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। चरा निस्तारण के लिए उपयोग में आने वाले इस क्षेत्र को हरियाली से जोड़ने की पहल को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

### बिना जमीन नापे बनाया जा रहा था ब्रिज, जमीन मालिक ने तान दी ब्रिज के सामने पक्की दीवार, अब होगा जमीन का अधिग्रहण

# हाउसिंग बोर्ड आरओबी में बाधा बनी दीवार हटेगी ब्रिज कार्पोरेशन को हैंड ओवर होगी जमीन

कानूनी प्रक्रिया पूरी, धारा 11 और 19 के बाद अब धारा 21 के तहत मुआवजा मिलते ही हटेगी रुकावट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बीते तीन-चार सालों से हाऊसिंग बोर्ड में बन रहा ओवर ब्रिज का निर्माण अब आखिर दौर में जा पहुंचा है। अच्छी बात यह है कि आरओबी निर्माण में बाधा बन रही दीवार भी हटने जा रही है। ब्रिज निर्माण के आड़े आ रही निजी जमीन की इस बाधक दीवार को हटाने की सभी प्रशासनिक और कानूनी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं। ब्रिज कॉर्पोरेशन की नई समय-सीमा के अनुसार इसी जून महीने के अंत तक दीवार को ध्वस्त कर हाउसिंग बोर्ड ओवरब्रिज पर ट्रैफिक शुरू कर दिया जाएगा।

बता दें यह पूरा मामला सरकारी महकमों की घोर लापरवाही का एक जीता-जागता उदाहरण है। दरअसल जब इस ओवरब्रिज का निर्माण शुरू होना था, तब ब्रिज कॉर्पोरेशन विभाग को जमीन का बारीकी से तकनीकी सीमांकन करना था, लेकिन जिम्मेदार अफसरों ने बिना निजी भूमि का सही आकलन किए, कागजों पर ही नक्शा पास कर ब्रिज का निर्माण धड़ल्ले से आगे बढ़ा दिया। लापरवाही का नतीजा तब सामने आया जब हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की तरफ ब्रिज का अंतिम छोर नीचे उतरने लगा। अफसरों ने अनजाने में ब्रिज का आखिरी हिस्सा एक निजी भू-स्वामी की पैतृक जमीन पर उतार दिया। जब इसकी जानकारी जमीन मालिक को हुई तो उसने अपने हक और संपत्ति की रक्षा के लिए सीधे तौर पर मोर्चा खोल दिया। जमीन मालिक ने कानूनी रूप से अपना दावा ठोकते हुए, ब्रिज के ठीक आगे एक दीवार खड़ी कर दी। इस एक दीवार ने करोड़ों रुपये की लागत से बन रहे पूरे प्रोजेक्ट पर ब्रेक लगा दिया।



#### प्रतिदिन हजारों लोगों का आना-जाना

पुराने हाईवे पर हाऊसिंग बोर्ड और फंदा में हो रहे ओवर ब्रिज निर्माण की वजह से सीहोर से प्रतिदिन भोपाल आने-जाने वाले हजारों नागरिकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। शहरवासियों को सैकड़ाखेड़ी होते हुए लंबे बाईपास के जरिए इंदौर-भोपाल हाईवे का चक्कर काटना पड़ रहा है, जिससे उनका समय और पेट्रोल-डीजल दोनों बर्बाद हो रहे हैं। हालांकि अब जून महीने में हाऊसिंग बोर्ड रेलवे ओवर ब्रिज और जुलाई महीने में फंदा आरओबी पर ट्रैफिक की शुरुआत हो जाएगी।

#### चार महीने लेट हुआ शुभारंभ

बताया जा रहा है कि इस ब्रिज पर ट्रैफिक की शुरुआत जनवरी 2026 में ही होना थी, लेकिन इसी बीच ईरान-इजराइल युद्ध छिड़ गया, जिसके कारण भारत में डामरीकरण के लिए सबसे जरूरी चीज यानी डामर की सप्लाई रुक गई। डामर न मिल पाने के कारण यह प्रोजेक्ट लेट हो गया, लेकिन अब डामर की उपलब्ध और आड़े आ रही दीवार को हटाने की प्रक्रिया के साथ ही जून के अंतिम महीने तक ब्रिज से ट्रैफिक का शुरू हो जाएगा।

#### मुआवजे की कानूनी प्रक्रिया पूरी

- भूमि अधिग्रहण कानून के तहत जरूरी दावा-आपत्तियों के निपटारे के बाद राजपत्र में धारा 11 और धारा 19 के तहत प्रकाशन की औपचारिकताएं पहले ही पूरी की जा चुकी हैं।
- वर्तमान में प्रशासन द्वारा धारा 21 के तहत अंतिम कार्रवाई की जा रही है, जिसके तहत निजी भू-स्वामी के लिए मुआवजे की रकम तय कर दी गई है।
- जैसे ही मुआवजे की यह तय राशि जमीन मालिक के बैंक खाते में ट्रांसफर होगी, यह जमीन कानूनी तौर पर ब्रिज कॉर्पोरेशन के स्वामित्व में आ जाएगी। इसके तुरंत बाद विभाग इस बाधक दीवार को जमींदोज कर देगा और ब्रिज का अंतिम फिनिशिंग का काम पूरा कर लिया जाएगा।

#### प्रक्रिया अंतिम चरण में है

हाउसिंग बोर्ड ब्रिज के अंतिम छोर पर बाधा बन रही निजी जमीन की दीवार के मुआवजे की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। राशि सौंपते ही दीवार हटा दी जाएगी। जून महीने के अंत तक हाउसिंग बोर्ड ओवरब्रिज का शुभारंभ कर दिया जाएगा, जबकि जुलाई में फंदा ओवरब्रिज पर भी ट्रैफिक शुरू हो जाएगा।

**कैलाश वर्मा,** सब इंजीनियर ब्रिज कार्पोरेशन भोपाल

## 12 से 18 जून तक जिले में लगेंगे जनकल्याण शिविर

**पात्र हितग्राहियों को मिलेगा योजनाओं का लाभ**

**नलखेड़ा।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार विश्व पर्यावरण दिवस से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मध्य विशेष जनकल्याण अभियान के अंतर्गत जिले में 12 जून से 18 जून 2026 तक विकासखंड एवं नगरीय निकाय स्तर पर तीन दिवसीय जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों का पंजीयन, आवेदन स्वीकृति, लाभ वितरण तथा जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा जारी शिविर रोस्टर के अनुसार आगर विकासखंड में 12 जून को बापचा, 13 जून पालड़ा, 14 जून झलारा, 15 जून तनोड़िया, 16 जून शिवगढ़, 17 जून पालखेड़ी, 18 जून चांदनगांव में शिविर में लगाया जाएगा। नगर पालिका आगर अन्तर्गत 12 जून को नगर पालिका कार्यालय, 16 जून को छावनी झंडा चौक, 18 जून को विवेकानन्द कॉलोनी शिव मंदिर मे शिविर लगाया जाएगा। नगर परिषद् कानड़ अन्तर्गत 12 जून को पिपलचौक कानड़, 15 जून को झंडा चौक कानड़, 18 जून को नवीन बस स्टेंड कानड़ में शिविर लगाया जाएगा। इसी तरह विकास खण्ड नलखेड़ा में 12 जून को धरोला, 13 जून को भंडावद, 14 जून को टिकोन, 15 जून को भैंसोदा, 16 जून को पचलाना एवं 17 जून पिलवास में शिविर लगाया जाएगा। नगरीय क्षेत्र नलखेड़ा में 12 जून को रैन बसेरा परिसर, 15 जून को वार्ड क्रमांक-07, कम्यूनिटी हॉल, 16 जून को वार्ड क्रमांक-13 मांगलिक भवन में शिविर लगेगा। नगर परिषद् बड़ागांव अन्तर्गत 12 जून को देवल घाट मंदिर बड़ागांव, 15 जून को नगर परिषद् के प्रागंण में, 16 जून को मालवीय चंवरा बड़ांगा मे शिविर लगेगा। विकास खण्ड बड़ौद में 12 जून को सुदवास, 13 जून को मदकोटा, 14 जून को बीजानगरी, 15 जून को बापचा बड़ौद, 16 जून को जयसिंहपुरा, 17 जून को गुराड़िया, 18 जून को गंगापुर में और नगरीय क्षेत्र अन्तर्गत 12 जून को आंजना धर्मशाला बड़ौद, 15 जून को शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय किले के पीछे बड़ौद, 16 जून को चम्पा कुंआ बड़ौद में विकास खण्ड सुसनेर में 12 जून को डोंगरगांव, 13 जून देहरिया सोयत, 15 जून को बडिया, 16 जून को मोड़ी, 18 जून को श्यामपुरा तथा नगरीय क्षेत्र सुसनेर अन्तर्गत 12 जून को पुरानी नगर परिषद् परिसर सुसनेर, 15 जून को श्रीराम धर्मशाला सुसनेर, 15 जून को महात्मा ज्योतिबा फुले चौक सुसनेर में शिविर लगाया जाएगा। नगरीय सोयतकलां अन्तर्गत 12 जून को शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल सोयतकलां, 15 जून को पुराना थाना परिसर सोयतकलां, 18 जून को विजयमंच, पट्टी मोहल्ला सोयतकलां में शिविर लगाया जाएगा।

## नगर के प्रवेश द्वार लखुंदर नदी की पुलिया के समीप नाला बना कचरा घर, बदबू से रहवासी परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर के आमला-नलखेड़ा मार्ग पर शासकीय अस्पताल के पास स्थित नाला एक कचरे घर के रूप में तब्दील होता दिखाई दे रहा है। नाले के पानी पर काई व कचरे के कारण नाले से उठने वाली बदबू से जहाँ आसपास के दुकानदार परेशान है वही अस्पताल में जाने वाले मरीज भी परेशान है। नाले की पुलिया पर से गुजरने में भी नाले की बदबू के कारण नाक पर हाथ रखना पड़ रहा है। नगर के प्रवेश द्वार लखुंदर नदी की पुलिया के समीप एक नाला स्थित है। इसी नाले के समीप सिविल हॉस्पिटल भी है। नाले में थोड़ा बहुत गंदा पानी भरा है जिसकी सतह पर हरी काई जमा है वही दोनों किनारों पर कचरा पड़ा हुआ है। नाले के दोनों ओर झाड़ियां उग आई है जिसके कारण नाला ढका हुआ प्रतीत होता है। वर्तमान में नाले से इतनी अधिक दुर्गंध उठ रही है कि आसपास के दुकानदार इससे परेशान है। नाले की पुलिया से निकलने के दौरान ऐसी बदबू आती है कि उससे बचने के लिए अनायास ही नाक पर हाथ चला जाता है। दूसरी ओर सिविल अस्पताल में प्रतिदिन अपना उपचार करवाने आने वाले सैकड़ों मरीज भी इस बदबू से परेशान है। कुछ मरीजों ने बताया कि इस बदबू से तो यहाँ और अधिक बीमार होने का खतरा बना रहता है। अमूमन प्रतिवर्ष नगर में स्थित नाले व नालियों की सफाई का कार्य मानसून के पूर्व किया जाता है। इस संबंध में सोमवार को ही कलेक्टर द्वारा समस्त नगर निकाय के मुखियाओं को निर्देशित भी किया गया है। लेकिन इस वर्ष अभी तक स्थानीय निकाय द्वारा मानसून पूर्व की सफाई का कार्य नही किया गया है जबकि मानसून आगमन में लगभग एक सप्ताह का ही समय शेष रहा है। नगर परिषद को समय रहते उक्त नाले सहित अन्य नालों व नालियों की समुचित सफाई का कार्य करवाया जाना चाहिए ताकि वर्षा के पानी की आसानी से निकासी हो सके और नागरिकों को उक्त बदबू से छुटकारा मिल सके।



## डॉ.अम्बेडकर प्रतिमा के समक्ष अभद्रता करने वाले को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा



**सीहोर।** विगत दिवस भोपाल व अदालत रोड स्थित डॉ.अम्बेडकर उपवन में हाल ही में लगाई गई संविधान निर्माता बोद्धी सत्व डॉ.अम्बेडकर प्रतिमा के समक्ष रात्रि में बाबा साहेब को अपमानित करने के उद्धेश्य को लेकर शहर के एक युवक द्वारा अभद्रता कर बाबा साहब को अपमानित किया गया। विडियो वायरल हुआ है। ज्ञात होने पर डॉ. अम्बेडकर अनुयाईयों में भारी रोष है। जिसकी शिकायत सीहोर जाटव समाज कल्याण संगठन के जिलाध्यक्ष मनोज फरेला एवं सचिव सन्नी जाटव तथा अन्य संगठनों द्वारा पुलिस अधीक्षक व सिटी कोतवाली सीहोर को की गई। शिकायत के आधार पर सिटी कोतवाली द्वारा अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। जिसे लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय अम्बेडकर अनुयाई अज्ञात व्यक्ति की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पूर्व पार्षद नरेन्द्र खंगराले को मौजूदगी में जाटव समाज द्वारा ज्ञापन कलेक्टर प्रतिनिधि संयुक्त कलेक्टर श्री परमार को सौंपा गया। ज्ञापन का वाचन जाटव समाज संगठन के सचिव सन्नी जाटव द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में महिला व पुरुष उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख रूप से पूर्व पार्षद आरती नरेन्द्र खंगराले, मनोज फरेला, सरपंच औंकार सिंह पैरवाल, कमलकिशोर जाटव, अनोखी वर्मा, अभय अहिरवार, टीटू कचनेरिया, नरेन्द्र बनवैया, राहुल जाटव, कपिल पुरविया, नरेन्द्र सिमोले, कमलेश जाटव, चैनसिंह पैरवाल, जगन्नाथ पैरवाल, तुकाराम पैरवाल, मानूबाई पैरवाल, ललता बाई, मुलिया बाई पैरवाल सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे।

## तेज हवा के साथ 36 मिमी बारिश, तापमान में गिरावट, गर्मी से मिली राहत, खरीफ की बोवनी की तैयारी को लेकर किसान उत्साहित



**सीहोर।** जिला मुख्यालय और तहसील क्षेत्र में मौसम ने अचानक करवट ली है। तेज हवा के साथ हुई झमाझम बारिश से पूरा इलाका तरबतर हो गया। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, सीहोर तहसील क्षेत्र में कुल 36 मिलीमीटर (लगभग 1.41 इंच) बारिश दर्ज की गई है। इस अच्छी बारिश से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से बड़ी राहत मिली है।

बारिश के कारण पिछले 24 घंटों में तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। जिले का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। सुबह से छाए बादलों और ठंडी हवा के चलते लोगों ने एसी और कूलर बंद कर दिए हैं और मौसम में हल्की ठंडक महसूस की जा रही है। दोपहर बाद हुई इस सवा इंच बारिश से कई सड़कों और निचले इलाकों में जलभराव भी देखने को मिला।

**खरीफ फसलों की बुवाई के लिए अमृत बनी बारिश :** यह मानसूनी बारिश खेती-किसानी के लिए बेहद फायदेमंद साबित हो रही है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, यह बारिश खेतों की तैयारी और आगामी खरीफ फसलों की बुवाई के लिए बिल्कुल अमृत के समान है। अच्छी बारिश देखकर क्षेत्र के किसान काफी उत्साहित हैं और बुवाई की तैयारियों के लिए उन्होंने खेतों की ओर रुख करना शुरू कर दिया है।

**अगले 48 घंटों के लिए गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट :** बारिश का यह दौर अभी थमने वाला नहीं है। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए बताया है कि अगले 24 से 48 घंटों के दौरान सीहोर और इसके आसपास के इलाकों में गरज-चमक के साथ तेज बारिश जारी रहने की पूरी संभावना है।

### सातवें दिन जारी रही हड़ताल, टाउन हॉल के पास चल रहा धरना प्रदर्शन

# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने भैंस के आगे बीन बजाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत लगभग 32 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल लगातार जारी है। अपनी मांगों को लेकर अड़े कर्मचारियों के सब्र का बांध अब टूटता नजर आ रहा है। हड़ताल के सातवें दिन बस स्टैंड के पास टाउन हॉल स्थित धरना स्थल पर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने एक अनोखा प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने भैंस के आगे बीन बजाकर अपना विरोध दर्ज कराया। इसके साथ ही संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों का तत्काल निराकरण नहीं हुआ तो आगामी 11 जून को प्रदेशभर के 32 हजार कर्मचारी भोपाल में मुख्यमंत्री निवास का महाघेराव करेंगे। बता दें भीषण और तपती गर्मी के बावजूद संविदा कर्मचारी अपनी जायज मांगों को लेकर धरना स्थल पर डटे हुए हैं। कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए एक महीने पहले ही चरणबद्ध तरीके से आंदोलन की शुरुआत की थी। सबसे पहले काली पट्टी बांधकर विरोध जताया गया, इसके बाद मंत्रियों और आला अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपे गए। जब शासन ने सुध नहीं ली तो मजबूरन 2 जून से सभी संविदा कर्मचारियों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह के सरकारी कार्यों का पूर्ण बहिष्कार कर दिया।



#### 11 जून को भोपाल में ठप होगा चक्काजाम

संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने साफ कर दिया है कि अब यह लड़ाई आर पार की है। अगर 10 जून तक सरकार उनकी सुध नहीं लेती है तो 11 जून को मध्य प्रदेश के कोने-कोने से हजारों स्वास्थ्य कर्मी भोपाल कूच करेंगे और मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि इस उग्र आंदोलन के कारण यदि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं पूरी तरह ध्वस्त होती हैं तो उसकी शत प्रतिशत जिम्मेदारी मध्य प्रदेश शासन और एनएचएम प्रशासन की होगी।

#### ये हैं संविदा कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

– गलत तरीके से किए गए वेतन निर्धारण को तुरंत सुधारा जाए।
– नियमित कर्मचारियों की तरह ही संविदा कर्मियों को भी समान कार्य के लिए समान वेतन, एनपीएस, महंगाई भत्ता और स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया जाए।
– सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को उनका बकाया पीबीआई प्रदान किया जाए।
– जब तक समान वेतन लागू नहीं होता, तब तक सार्थक ऐप के जरिए ऑनलाइन हाजिरी लगाने की व्यवस्था को पूरी तरह बंद किया जाए।

## खबर संक्षेप

### ग्राम पांदा जागीर में लगी पुलिस चौपाल, ग्रामीणों को दी जानकारी

**भौरासा।** एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देशन में थाना भौंरासा प्रभारी अनिता सिंह एवं पुलिस स्टाफ द्वारा ग्राम पांदा जागीर में पुलिस चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के दौरान ग्रामीणों को वर्तमान वर्षा ऋतु में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से दूर रहने, पुल-पुलियों एवं रपटों पर पानी होने की स्थिति में उन्हें पार करने का प्रयास नहीं करने तथा तेज बहाव वाले नालों और जलभराव वाले क्षेत्रों में अनावश्यक आवागमन से बचने की सलाह दी। साथ ही किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस एवं प्रशासन को सूचना देने का आग्रह किया गया।साथ ही साइबर अपराधों और ऑनलाइन ठगी से बचाव संबंधी जानकारी भी साझा की गई। ग्रामीणों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए संदिग्ध कॉल, लिंक एवं ऑनलाइन लेनदेन से सतर्क रहने की सलाह दी गई तथा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी प्रदान की गई। वहीं यातायात नियमों के पालन पर भी विशेष जोर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने आमजन को आश्वस्त किया कि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस हमेशा तत्पर है।

### प्रेमजाल में फंसाकर उड़ाए लाखों, सोशल मीडिया ठग चढ़ा पुलिस के हत्थे

# लव ट्रैप में फंसी नाबालिग, 10 लाख और जेवर लेकर फरार आरोपी व सहयोगी महिला गिरफ्तार

शादी का झांसा देकर 8 से 10 लाख रुपए एवं आभूषण हड़पे, सोशल मीडिया के माध्यम से बनाया था विश्वास

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सोशल मीडिया के माध्यम से नाबालिग बालिका को प्रेमजाल में फंसाकर लाखों रुपये और आभूषण हड़पने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आरोपी की सहयोगी महिला को भी सह-आरोपी बनाते हुए गिरफ्तार किया गया है। एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देश पर थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए यह सफलता प्राप्त की। जानकारी अनुसार मिश्रीलाल नगर एक्सटेंशन निवासी एक महिला ने 3 जून 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पोती के माध्यम से उसके बैंक खाते से बड़ी राशि स्थानांतरित कर दी गई है। बैंक खाते की जांच में पता चला कि खाते में केवल 19 रुपये शेष हैं तथा लाखों रुपये आशीष डामोर नामक युवक के खाते में भेजे गए हैं।जांच में नाबालिग बालिका ने बताया कि दिसंबर 2024 में उसकी पहचान इंस्टाग्राम के माध्यम से आशीष डामोर से हुई थी।

आरोपी ने विवाह का झांसा देकर उसका विश्वास जीता और रुपये दोगुना कर लौटाने का लालच देकर दादा-दादी के बैंक खातों से करीब 8 से 10 लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। इसके अलावा उसने घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण भी प्राप्त कर लिए और बाद में संपर्क समाप्त कर दिया।रिपोर्ट के आधार पर थाना औद्योगिक क्षेत्र में अपराध क्रमांक 484/2026 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी आशीष उर्फ जैकब डामोर (24 वर्ष), निवासी न्यू इन्द्रानगर मालनवाला, उज्जैन एवं वर्तमान निवासी ओम साईं विहार, देवास को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि धोखाधड़ी से प्राप्त संपत्ति का कुछ हिस्सा उसने अपनी बहन को दिया था। इसके बाद पुलिस ने उसे भी सह-आरोपी बनाकर गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस ने नागरिकों से सोशल मीडिया पर बने रिश्तों पर बिना सत्यापन के विश्वास न करने, विवाह, नौकरी, निवेश या रुपये दोगुना करने जैसे प्रलोभनों से सावधान रहने तथा बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर निगरानी रखने की अपील की है। किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 या निकटतम पुलिस थाने से संपर्क करने को कहा गया है।कार्रवाई में थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया, उपनिरीक्षक गौरव नगावत, प्रधान आरक्षक सुरेश धाकड़, आरक्षक लक्ष्मीकांत शर्मा तथा महिला आरक्षक स्वप्नील की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# लगातार भुगतान में देरी से जूझ रहीं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं

### महिलाओं ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

महिला स्वयं सहायता समूह संघ (मध्यप्रदेश) के बेनर तले जिलाध्यक्ष ज्योति अर्जुन बैरागी के नेतृत्व में जिलेभर की करीब 150 से अधिक महिला रसोईयां व समूह संचालक बहने कलेक्ट्रेट पहुंची। जहां भुगतान में देरी एवं बिना सूचना के रसोईयां बहनों को हटाए जाने का जमकर विरोध करते हुए नारेबाजी की। करीब दो घंटे तक चले इस प्रदर्शन के बाद अपर कलेक्टर संजीव जैन को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं जिला कलेक्टर देवास के नाम ज्ञापन सौंपकर मध्याह्न भोजन एवं साझा चूल्हा योजना के संचालन में आ रही समस्याओं से अवगत कराया। जिलाध्यक्ष बैरागी ने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित पीएम पोषण आहार (मध्याह्न भोजन) और साझा चूल्हा योजना के अंतर्गत स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को पूरक पोषण आहार तथा गर्म पका हुआ भोजन उपलब्ध कराया जाता है, लेकिन पिछले तीन माह से रसोइया बहनों का मानदेय तथा अप्रैल माह से स्वयं सहायता समूहों एवं साझा चूल्हा संचालन की राशि का भुगतान नहीं होने से समूह संचालकों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं ने कहा कि भुगतान में देरी के कारण कई छोटे एवं गरीब समूह संचालकों को कर्ज लेकर योजना का संचालन करना पड़ रहा है। इसके बावजूद बच्चों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। संगठन की मांग है कि महिलाओं ने समय पर खाद्यान्न राशि एवं रसोइयों का वेतन देने, उपस्थिति के आधार पर रसोइयों को हटाने की प्रक्रिया बंद करने, साझा चूल्हा की राशि नियमित रूप से समूहों के खातों में जमा करने, समूह संचालकों को अनावश्यक कागजी कार्रवाई से परेशान नहीं करने तथा नगर पंचायत क्षेत्रों में ठेका प्रथा समाप्त की जाए आदि मांग उठाई गई। समस्याओं का समाधान 20 जून 2026 तक नहीं किया गया तो 21 जून से जिलेभर की सैकड़ों महिलाएं अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठने को मजबूर होंगी।

### 33000 केवी की बंद पड़ी विद्युत लाइन हटाने की मांग, वार्डवासियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**देवास।** वार्ड क्रमांक 43 नई आबादी बालगढ़ के रहवासी बड़ी संख्या में राजा अकोदिया (दीपक), पार्षद वार्ड क्रमांक 43 के नेतृत्व में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और जनसुनवाई में आवेदन देकर क्षेत्र में वर्षों से बंद पड़ी 33000 केवी विद्युत लाइन को हटाने की मांग की। आवेदन में बताया गया कि नई आबादी बालगढ़ क्षेत्र में 11000 केवी एवं 33000 केवी की चापड़ा लाइन करीब 10 वर्षों से बंद पड़ी हुई है। लाइन के तार और खंभे जर्जर हो चुके हैं तथा बारिश के दौरान इनके गिरने की आशंका बनी रहती है, जिससे क्षेत्रवासियों में भय का माहौल है। रहवासियों ने आवेदन में उल्लेख किया कि दिसंबर माह में क्षेत्र के छात्र आरव गुर्जर, पिता संदीप गुर्जर, की 11000 केवी लाइन से करंट लगने के कारण मृत्यु हो गई थी। इसके बाद विद्युत मंडल द्वारा केवल एक लाइन हटाकर कार्रवाई पूरी कर दी गई, जबकि पूर्व में जनसुनवाई के दौरान दोनों लाइनों को हटाने का आश्वासन दिया गया था। वार्डवासियों का कहना है कि 11000 केवी लाइन का एक हिस्सा हटाया गया, लेकिन 33000 केवी लाइन आज भी क्षेत्र में बनी हुई है। इस लाइन के कारण पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें कुछ लोग गंभीर रूप से झुलस गए और कई लोगों की जान खतरे में पड़ चुकी है। रहवासियों ने कलेक्टर से मांग की है कि जिस प्रकार 11000 केवी लाइन को हटाया गया है, उसी प्रकार बंद पड़ी 33000 केवी विद्युत लाइन को भी तत्काल हटाया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की जनहानि या दुर्घटना की आशंका समाप्त हो सके। जनसुनवाई में पहुंचे नागरिकों ने प्रशासन से इस मामले में शीघ्र कार्रवाई कर क्षेत्रवासियों को राहत दिलाने की मांग की है।

# स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों में जुटा नगर निगम, आयुक्त ने दिए सख्त दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




शहर को स्वच्छ, सुंदर और कचरा मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों को गति दी जा रही है। मंगलवार नगर निगम के बैठक हॉल में निगमायुक्त दलीप कुमार ने विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की।

बैठक में स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में आयुक्त ने शहर में शत-प्रतिशत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक घर और प्रतिष्ठान स्तर पर गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके अलावा व्यवसायिक क्षेत्रों में अमानक पॉलीथीन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं के खिलाफ चालानी कार्रवाई करने को कहा गया।आयुक्त कुमार ने शहर की बैकलेनों के सौंदर्यीकरण और उन्हें पूर्णतः कचरा मुक्त रखने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम के स्वच्छ भारत मिशन नोडल अधिकारी सौरभ त्रिपाठी, स्वच्छ भारत मिशन से विश्वजीत सिंह, विशाल जोशी, अरुण तोमर, दीपक अग्रवाल सहित नगर निगम की सहयोगी संस्थाएं ओम साई विजन एवं फीडबैक फाउंडेशन के टीम लीडर, सुपरवाइजर तथा विभिन्न वार्डों के स्वच्छता सहयोगी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### 17 को मनाई जाएगी महाराणा प्रताप जयंती

**देवास।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती इस वर्ष 17 जून को शहर में शौर्य यात्रा के रूप में भव्य एवं पारंपरिक ढंग से मनाई जाएगी। इस संबंध में सोमवार को महाराणा प्रताप परिसर में राजपूत समाज संगठन के तत्वावधान में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें जयंती समारोह की रूपरेखा तय की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 17 जून को भोपाल चौराहा स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर वरिष्ठजनों एवं अतिथियों द्वारा पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसके पश्चात शहर के प्रमुख मार्गों से भव्य शौर्य यात्रा निकाली जाएगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए राजपूत समाज के साथ सर्वसमाज की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। बैठक की अध्यक्षता राजपूत समाज अध्यक्ष ठाकुर तंवरसिंह चौहान ने की। कार्यक्रम की रूपरेखा वरिष्ठ समाजसेवी ठाकुर भगवान सिंह चावड़ा ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए जयंती आयोजन को ऐतिहासिक बनाने पर जोर दिया।

# 801 पाइन एप्पल से श्री खेड़ापति का किया गया श्रृंगार, बड़े मंगलवार पर कलाकारों ने सजाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

महात्मा गांधी मार्ग स्थित श्री खेड़ापति मारुति मंदिर में मंगलवार को बड़े मंगलवार के अवसर पर भगवान हनुमान का 801 पाइनएप्पल से भव्य और आकर्षक श्रृंगार किया गया। भगवान के इस अनूठे स्वरूप के दर्शन करने के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगे।

मंदिर के पुजारी पंडित दर्शन उपाध्याय ने बताया कि ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवारों के उपलक्ष्य में मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में से विशेष श्रृंगार किया गया। भगवान हनुमान का यह मनोहारी और अनूठा स्वरूप श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना रहा। दर्शन के लिए सुबह से लेकर देर शाम तक भक्तों का आना-जाना लगा रहा। भगवान के इस विशेष श्रृंगार को तैयार करने के लिए उज्जैन से सहायक कलाकारों की एक टीम देवास पहुंची थी। कलाकारों ने कई घंटों की मेहनत और रचनात्मकता के साथ इस श्रृंगार को आकार दिया। करीब 8 से 10 कलाकारों की टीम ने 801 पाइनएप्पल का उपयोग करते हुए भगवान हनुमान का भव्य स्वरूप तैयार किया।



भगवान श्री खेड़ापति मारुति का 801 पाइनएप्पल

# घर में घुसकर मारपीट करने वाले आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



पुलिस के विशेष अभियान ऑपरेशन प्रहार के तहत थाना कमलापुर पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि 7 जून को फरियादी जवाहर सिंह पटेल निवासी बिलावली ने आरोपी धीरज सिंह सेंधव निवासी बिलावली के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं 4 जून को ओम महाशक्ति बस के चालक गोपाल ठाकुर ने ईश्वर जाट, दीपक सैनी एवं पिंटू यादव के विरुद्ध बस रोककर जबरन वसूली के नाम पर मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई थी।दोनों मामलों में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बागली संजय सिंह बैस के निर्देशन में थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने लगातार कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी पिंटू उर्फ नीरज पिता सागरमल यादव निवासी अरलावदा तथा धीरज सिंह पिता रतन सिंह सेंधव निवासी बिलावली को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा, सहायक उपनिरीक्षक भीम सिंह गणावा, प्रधान आरक्षक राजेंद्र शर्मा, प्रधान आरक्षक सचिन चौहान, आरक्षक विवेक, आरक्षक दिलीप सोलंकी तथा सैनिक विष्णु सोनी की सराहनीय भूमिका रही।

### अभिभाषक संघ के चुनाव 25 को, नामांकन पत्र 10 से 12 तक होंगे दाखिल

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी बापट ने निर्वाचन कार्यक्रम किया घोषित





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अभिभाषक संघ देवास के बहुप्रतीक्षित चुनाव 25 जून को आयोजित किए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र बापट ने निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा करते हुए बताया कि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव को किसी भी प्रकार से प्रभावित करने के लिए राजनेताओं, धर्मगुरुओं एवं बाहरी व्यक्तियों के हस्तक्षेप की अनुमति नहीं होगी। मतदान के दिन न्यायालय परिसर में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा, जिससे अवांछित एवं आपराधिक तत्वों के प्रवेश पर रोक लगाई जा सके।

निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्र 10 से 12 जून तक दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 12 जून को दोपहर बाद की जाएगी तथा वैध नामांकनों की अंतरिम सूची 13 जून को प्रकाशित होगी। नामांकन पत्रों पर आपत्तियां 15 जून तक प्रस्तुत की जा सकेंगी।

प्राप्त आपत्तियों की सुनवाई, निराकरण एवं निर्णय मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र बापट द्वारा 16 जून को किया जाएगा। नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 18 जून निर्धारित की गई है। उम्मीदवार अथवा उनके प्रस्तावक ही नामांकन वापस ले सकेंगे।

निर्वाचन समिति द्वारा 19 जून को अभिभाषक संघ कक्ष में एक विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें मतदाताओं की उम्मीदवारों से अपेक्षाएं तथा उम्मीदवारों द्वारा मतदाताओं से समर्थन की अपील प्रस्तुत की जाएगी। अंतिम उम्मीदवार सूची का प्रकाशन 22 जून को किया जाएगा।

मतदान 25 जून को प्रातः 10:30 बजे से सायं 5:00 बजे तक होगा। मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद मतगणना प्रारंभ होगी तथा देर रात तक परिणाम घोषित किए जाने की संभावना है। चुनाव समिति के सदस्य रघुवीर यार्दी, राम श्रीवास्तव, शैलेंद्र सिंह कुशवाह, माहेनूर कुरैशी एवं उषा बिसेन ने आदर्श आचार संहिता एवं शपथ-पत्र संबंधी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन चुनाव समिति के वरिष्ठ सदस्य आनंद अधिकारी ने किया।

इस अवसर पर संभावित उम्मीदवारों के अलावा निर्वाचन समिति के सदस्य एम. मोदी, शालू ठाकुर, शेरसिंह पटेल, भगवान सिंह गुर्जर, चांदनी सिंह सहित वरिष्ठ अधिवक्ता इरशाद कुरैशी, सुरेश चौधरी तथा बड़ी संख्या में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अभिभाषक उपस्थित रहे।

### आज महाआरती और भंडारे में महाप्रसाद वितरण

**देवास।** महावीर नगर में चल रही भक्त माल की कथा के आखिरी दिन बुधवार को महाआरती और भंडारे में महाप्रसाद वितरण होगा। इससे पूर्व सुबह 9 बजे से नवग्रह मंडल पूजन होगा। 10 बजे से सभी यजमानों द्वारा हवन पूजन किया जायेगा। दोपहर 11.30 बजे पूर्णाहूति होगी। इसके बाद दोपहर 1.00 बजे से श्री मधुसूदन नागर द्वारा भक्त माल कथा का अंतिम अध्याय सुनाने के बाद पोथी पूजन होगा। शाम 4 बजे से संस्था श्रीराम शरणम् के संस्थापक श्री इंदरसिंह नागर द्वारा अमृतवाणी सत्संग और कीर्तन किया जाएगा। शाम 6 बजे महाआरती और पूर्णाहुति होगी। इसके बाद आयोजन में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वालों का सम्मान समारोह आयोजित होगा। 7.30 बजे से भंडारे के रूप के महाप्रसाद का वितरण प्रारंभ होगा। कथा के दौरान विशिष्ठजनों ने पोथी पूजन करते हुए कथा मर्मज्ञ का स्वागत किया। देवास नगर सहित अन्य स्थानों से आये प्रबुद्धजनों का स्वागत आयोजन समिति और पदाधिकारियों ने किया।

**कार्यालय तहसीलदार तहसील बागली जिला-देवास म.प्र.**

क्रमांक 735/आर-1/2026 बागली, दिनांक 1/06/2026
प्रकरण क्रमांक /ब-121/2026-27

**पेपर प्रकाशन**

बनाम :- हर आम व खास ।

एतद् जरीये सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद बागली के द्वारा नजूल भूमि निर्वर्तन निर्देश 2020 के अंतर्गत प्रारूप-एक में आवेदन प्रस्तुत कर दुकान निर्माण हेतु तहसील बागली के कस्बा बागली में स्थित शासकीय भूमि सर्वे नंबर 102/1/2 रकबा 0.1210 हे. में से रकबा 0.0239 हे. भूमि आवंटन की कार्यवाही प्रस्तावित है।

इस संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह अपनी आपत्ति स्वयं या मान्यता प्राप्त अपने अभिभाषक के साथ उपस्थित होकर इस न्यायालय में न्यायालयीन समय में दिनांक 15/06/2026 तक अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। समयावधि के पश्चात आपत्ति पर किसी प्रकार का कोई विचार नही किया जाकर प्रकरण में आगामी कार्यवाही निश्पादित की जा सकेगी। आज दिनांक 05/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**तहसील बागली, जिला-देवास**

### जिला कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा...

# भाजपा की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता इन्हीं के दम पर बनेगी बहुमत वाली सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



भारतीय जनता पार्टी की कार्यकर्ताओं की बैठक जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की और संचालन जिला महामंत्री हरीराम सिंह लोधी एड ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी उपस्थित रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण में जिला अध्यक्ष भाजपा पं हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि पिछली बार मैं ने प्रदेश अध्यक्ष जी से लखनऊ में ललितपुर आने का आग्रह किया था और आदरणीय ने हमारी प्रार्थना स्वीकार कर ललितपुर आने की कृपा की जिससे हम लोग अनुग्रहित हैं। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष जी का अभिनन्दन करते हुए कहा कि जब से आप अध्यक्ष वने हैं कार्यकर्ताओं में अपूर्व जोश है । मुख्य अतिथि एवं बक्ता भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि जब से मैं प्रदेश अध्यक्ष बना हूं तब से मेरी इच्छा हर जिला में जाने की थी और मैं चाहता हूं कि हर कार्यकर्ता से रुबरु होकर उसकी राय जान सकूं और उसी नाते में आपके जिले में आया है। भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष एवं भारत सरकार में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने आगे संगठनात्मक बैठक के दौरान जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भाजपा की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्हीं के परिश्रम और संगठनात्मक शक्ति के बल पर प्रदेश में एक बार फिर प्रचंड बहुमत की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करें और आगामी चुनावी तैयारियों में अभी से जुट जाएं। बैठक के दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता ने सपा के कार्यकाल को लूट, अराजकता, अपराध और परिवारवाद के रूप में देखा है, इसी कारण जनता का विश्वास उस पर कमजोर हुआ। उन्होंने कहा कि सपा नेतृत्व द्वारा नए नामों और नारों के माध्यम से अपनी राजनीतिक छवि बदलने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन जनता सब समझती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां विकास, सुशासन और जनकल्याण पर आधारित हैं, जबकि विपक्ष केवल भ्रम फैलाने का काम करता है।

## एकजुटता ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संगठन की एकजुटता ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है और कार्यकर्ताओं का सम्मान एवं हित पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय नेतृत्व ने मुझे बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है क्योंकि यह चुनावी बर्ष है लेकिन यह भी सच है कि जब कार्यकर्ताओं द्वारा मन लगा कर काम किया जाता है तभी हम चुनाव जीतते हैं। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी तो पूर्व हो सकता है लेकिन कार्यकर्ता कभी पूर्व नहीं होता है । उन्होंने कहा कि हमारा कार्यकर्ता सीधा होता है और वह सिर्फ सम्मान का भूखा होता है । उन्होंने कहा कि हमारा परिवार बहुत बड़ा है और हमें मिल कर काम करना है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव का पी डी ए उनका खुद का परिवार है। उन्होंने कहा कि सपा अब एक अराजकता का प्रतीक बन गया है इसलिए यह लोग अब अपने को पी डी ए कहने लगे हैं।जब कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास, सबका प्रयास,सबका विश्वास की बात करती है। उन्होंने कहा कि हम सब आज से ही अगले विधानसभा चुनाव हेतु कमर कस लें। इस अवसर पर कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल जी की भी महत्वपूर्ण उपस्थिति रही । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, क्षेत्रीय अध्यक्ष मा प्रकाश पाल, कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी पं अनूप अवस्थी,श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनाली विवेक जैन,बरिष्ठ नेता अशोक गोस्वामी,बब्बू राजा बुन्देला,पूर्व अध्यक्ष गण प्रेमचंद पटैल, प्रदीप चौबे, हरीराम निरंजन,जगदीश सिंह लोधी एड, रमेश कुमार सिंह लोधी एड, राजकुमार जैन, जिला महामंत्री हरीराम सिंह लोधी एड, गौरव गौतम,रजनी अहिरवार, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, नगर पंचायत अध्यक्ष मनीष तिवारी, वरिष्ठ नेता गण पं रामेश्वर प्रसाद सड़ैया, चन्द्रशेखर पंथ उर्फ चंदू भैया, सहकारी बैंक उपाध्यक्ष श्रीकांत कुशवाहा,व्लाक प्रमुख कल्याण सिंह लोधी,रामू कुशवाहा, गन्धर्व सिंह लोधी बाबूजी डॉ राजकुमार जैन, ई भागीरथ बरुआ,डा स्वाधीनता कृष्ण, कमलापति रिछारिया, मोहन लाल रैकवार,अशोक रावत, जगदीश सिंह गोना कुसमाड़,रमेश खटीक, बंशीधर श्रीवास,जिला उपाध्यक्ष रमेश कुशवाहा नझाई, अवतार सिंह लोधी एड, उमाशंकर भोंड़ेले, रुचिका बुन्देला, अनुपमा जैन बजाज, अरविंद कौशिक,जिला कोषाध्यक्ष मनीष सड़ैया, क्षेत्रीय मोर्चा पदाधिकारी गण अजय पटैरिया,हरिओम निरंजन, धर्मेन्द्र गोस्वामी,शशिशेखर पांडेय, श्रीमती लक्ष्मी रावत,जिला मंत्री ध्रुव सिंह सिसौदिया,दीपक पाराशर,मिहरवान सिंह पटैल, प्रभूदयाल गन्धर्व, देवेन्द्र तिवारी, पूजा कश्यप,रुपेश साहू, विक्रांत रावत,अजय जैन साईकिल, मनीष अग्रवाल, गौरव चौधरी, बसंती लारिया, मण्डल अध्यक्ष गण भगतसिंह राठौर, बृजेश राजपूत, शैलेन्द्र सिंह बुंदेला, देवीसिंह बुन्देला, कृपाल सिंह लोधी,देशपत कुशवाहा,नीरज पटैरिया, सोबरन सिंह, मुकेश पाल, रामस्वरूप निरंजन, आशीष त्रिपाठी, रामगोपाल विश्वकर्मा, मोर्चा अध्यक्ष गण सुरेश टौंटे, सुरेन्द्र प्रताप रजक,सोनू चौबे, मनोज खटीक, सोमेश गुप्ता,दीपक शर्मा, आशीष हुड्डैत,दीपक मिश्रा,दीपक वैद्य, विनोद मिश्रा,शिवम पाराशर,अनुज शर्मा, आशीष सैनी,अमन द्विवेदी , गजेन्द्र सिंह लोधी, राहुल सिंह लोधी, मनोहर सिंह यादव, कल्लन कुशवाहा, पंकज जैन, सतीश पाठक,निहाल सिंह पटोरा कलां, अभिमन्यु सिंह लोधी,विजय प्रधान, राव साहव,दीपक सिंघई,कुंआतला,देवप्रकाश कल्लू पाल, अरविंद सिंघई आदि उपस्थित रहे।

### अनजान कॉल बनी मुसीबत

# युवक के खाते से उड़ाए 55 हजार रुपए, कोर्ट के आदेश पर साइबर ठगी का मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** जिले में साइबर ठगी का एक और मामला सामने आया है, जिसमें एक अज्ञात साइबर अपराधी ने फोन कॉल के जरिए युवक को अपने जाल में फंसाकर उसके बैंक खाते से 55 हजार रुपये निकाल लिए। हालांकि पीड़ित की सतर्कता और राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 की त्वरित कार्रवाई से पूरी रकम समय रहते होल्ड करा दी गई। स्थानीय स्तर पर कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली, जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला नदीपुरा निवासी जसमीत सिंह पुत्र गुरु चरण सिंह सलूजा ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया था। बातचीत के दौरान साइबर ठग ने उन्हें झांसे में लेकर बैंकिंग संबंधी प्रक्रिया करवाई, जिसके कुछ ही समय बाद उनके भारतीय स्टेट बैंक के खाते से 55 हजार रुपये की राशि निकल गई। खाते से रकम कटने का संदेश मिलते ही जसमीत सिंह को ठगी का अहसास हुआ और उन्होंने तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी।

पीड़ित ने तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज होने के बाद साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित लेन-देन को ट्रैक किया और रकम को होल्ड कराने की प्रक्रिया शुरू की। बताया गया है कि शिकायत संख्या 33104260082217 के आधार पर साइबर सेल ने समय रहते रकम को फ्रीज करवा दिया, जिससे धनराशि पूरी तरह साइबर ठग के कब्जे में नहीं पहुंच सकी। यह कार्रवाई पीड़ित के लिए बड़ी राहत साबित हुई। जसमीत सिंह का आरोप है कि साइबर सेल द्वारा रकम होल्ड किए जाने के बाद उन्होंने कोतवाली में लिखित शिकायत देकर एफआईआर दर्ज कराने और होल्ड रकम को वापस दिलाने की मांग की थी। इसके बावजूद उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। उन्होंने बाद में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी शिकायत की, लेकिन वहां से भी कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। अंततः उन्हें न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। सीजेएम के आदेश पर पुलिस ने अज्ञात साइबर अपराधी के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) तथा आईटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

#### साइबर अपराधों से सतर्क रहने की अपील

विशेषज्ञों का कहना है कि बैंक, केवाईसी, ओटीपी, यूपीआई या खाते से संबंधित किसी भी जानकारी को फोन पर साझा न करें। किसी भी संदिग्ध कॉल या ऑनलाइन लेन-देन की स्थिति में तत्काल 1930 हेल्पलाइन या राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। समय पर शिकायत करने से ठगी गई रकम को होल्ड कराने की संभावना काफी बढ़ जाती है।

### जीआरपी थाना ललितपुर ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की

# ट्रेनों में सक्रिय चोर गिरोह, अमृतसर एक्सप्रेस से लैपटॉप व नकदी चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

रेलवे स्टेशन के आसपास चलती ट्रेनों में सक्रिय चोर गिरोह यात्रियों के लिए लगातार परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। बीते दिनों दो अलग-अलग ट्रेनों में यात्रा कर रहे यात्रियों के कीमती सामान चोरी होने के मामले सामने आए हैं। एक यात्री का लैपटॉप, नकदी और अन्य सामान चोरी हो गया, जबकि दूसरे यात्री का चार्जिंग पर लगा मोबाइल फोन शातिर चोर उड़ा ले गए। दोनों मामलों में जीआरपी थाना ललितपुर ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना ट्रेन संख्या 11058 अमृतसर एक्सप्रेस में हुई। मध्य प्रदेश के सागर जनपद स्थित बीना निवासी आर्जव जैन हजरत निजामुद्दीन से बीना की यात्रा कर रहे थे। वह कोच एम-03 की सीट संख्या 65 पर सवार थे। यात्रा के दौरान उन्होंने अपना बैग सीट के पास रखा और सो गए।

ललितपुर रेलवे स्टेशन के समीप जब उनकी नींद खुली तो उनका बैग गायब था। पीड़ित के अनुसार बैग में एचपी कंपनी का लैपटॉप, 10 हजार रुपये नकद, पावर बैंक तथा चार्जर रखा हुआ था। चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 43,300 रुपये बताई गई है। घटना की सूचना मिलने पर जीआरपी थाना ललितपुर में अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दूसरी घटना ट्रेन संख्या 22589 हडपसर-अमृतभारत एक्सप्रेस में हुई। कानपुर निवासी हर्ष श्रीवास्तव गोविन्दपुरी से मनमाड की यात्रा कर रहे थे। वह कोच एस-08 की बर्थ संख्या 78 पर सवार थे। यात्रा के दौरान उन्होंने अपना रेडमी-9 मोबाइल फोन चार्जिंग पॉइंट पर लगाया और सो गए। अगली सुबह करीब पांच बजे ललितपुर स्टेशन के पास उनकी आंख खुली तो मोबाइल फोन चार्जिंग पॉइंट से गायब था। चोरी हुए मोबाइल की अनुमानित कीमत लगभग 9 हजार रुपये बताई गई है। मोबाइल में जियो कंपनी का सिम भी लगा हुआ था। पीड़ित की शिकायत पर जीआरपी थाना ललितपुर में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। दोनों मामलों में जीआरपी ललितपुर ने बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

#### यात्रियों से सतर्क रहने की अपील

लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं को देखते हुए जीआरपी ने रेल यात्रियों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि यात्रा के दौरान कीमती सामान को असुरक्षित न छोड़ें, सोते समय बैग को चेन या लॉक से सुरक्षित रखें तथा मोबाइल फोन चार्जिंग पर लगाते समय उस पर नजर बनाए रखें। पुलिस को आशंका है कि क्षेत्र में कोई सक्रिय गिरोह यात्रियों को निशाना बना रहा है, जिसकी पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### भूत-प्रेत का साया बताकर युवक को फंसाया

# इलाज के बहाने बाइक और नकदी लेकर फरार हुए ठग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

अंधविश्वास और झाड़-फूंक के नाम पर ठगी का एक हैरान कर देने वाला मामला थाना तालबेहट क्षेत्र में सामने आया है। दो शातिर ठगों ने एक युवक को उसकी बीमार दादी का इलाज करने और उन पर कथित भूत-प्रेत का साया होने की बात कहकर अपने जाल में फंसा लिया। इसके बाद इलाज के बहाने उसे तालबेहट ले गए और मौका पाकर उसकी मोटरसाइकिल, नकदी और जरूरी दस्तावेज लेकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम गेवरा गुन्देरा निवासी जयदेव प्रजापति ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि 4 जून की सुबह करीब सात बजे लाल रंग की टीवीएस सुजुकी मोटरसाइकिल से दो व्यक्ति उनके घर पहुंचे। दोनों ने बताया कि उन्हें गांव के ही हरिराम ने भेजा है और वे बीमार लोगों का उपचार करते हैं। उनकी बातों पर विश्वास करते हुए जयदेव ने उन्हें घर में बैठाया और अपनी बीमार दादी को दिखाया। आरोपियों ने दादी को देखने के बाद कहा कि उनके उपचार में पांच हजार रुपये खर्च होंगे। इसके बाद उन्होंने परिवार को डराते हुए कहा कि वृद्ध महिला पर भूत-प्रेत का साया है और उसे हटाने के लिए विशेष दवा की जरूरत पड़ेगी, जो तालबेहट में मिलेगी। आरोपियों ने अपना नाम मध्य प्रदेश के जिला निवाड़ी के पृथ्वीपुर निवासी भज्जू उर्फ भन्तू आदिवासी तथा रमेश आदिवासी बताया। ठगों की बातों में आकर जयदेव अपनी हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल से दोनों के साथ तालबेहट के लिए रवाना हो गया। सुबह करीब साढ़े नौ बजे पूराकला तिराहे के पास पहुंचने पर आरोपियों ने उसे कुछ दवा और सामान लाने के लिए सामने की दुकान पर भेज दिया। जैसे ही जयदेव सामान लेने गया, दोनों आरोपी उसकी मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गए।

### सीने पर तमंचा तानकर मांगी 50 हजार महीना रंगदारी

# बकाया भुगतान मांगने पर ठेकेदार से मारपीट

#### छह माह पुराने काम के दो लाख रुपए मांगने गया था ठेकेदार, कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर कोतवाली क्षेत्र में एक ठेकेदार के साथ मारपीट, धमकी और रंगदारी मांगने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि छह माह पहले किए गए निर्माण कार्य का बकाया भुगतान मांगने पर एक व्यक्ति ने ठेकेदार के साथ मारपीट की, उसे जान से मारने की धमकी दी और जिले में ठेकेदारी करने के लिए हर महीने 50 हजार रंगदारी देने की मांग की।

मामले में स्थानीय स्तर पर कार्रवाई न होने पर पीड़ित को न्यायालय की शरण लेनी पड़ी, जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मोहल्ला घुसयाना निवासी आमिर खान पुत्र रशीद खान ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह ठेकेदारी का कार्य करते हैं। करीब छह माह पूर्व उन्होंने राजपूत कॉलोनी निवासी रामकुमार दुबे के यहां निर्माण कार्य कराया था। इस कार्य के एवज में लगभग दो लाख रुपये की धनराशि बकाया थी, जिसका भुगतान अब तक नहीं किया गया था। पीड़ित के अनुसार, 16 मई 2026 की शाम करीब पांच बजे वह अपने बकाया रुपये मांगने के लिए रामकुमार दुबे के घर पहुंचे थे। रुपये मांगने पर आरोपी भड़क गया और गाली-गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार करने लगा।

आरोपी ने कथित रूप से कहा कि उसके बड़े अधिकारियों के साथ संबंध हैं और कोई उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। जब ठेकेदार ने अपनी मेहनत की कमाई मांगने की बात कही, तो आरोपी ने उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपी ने धमकी देते हुए कहा कि यदि उसे ललितपुर में ठेकेदारी का काम करना है तो हर महीने 50 हजार रुपये रंगदारी देनी होगी। अन्यथा उसे जिले में कोई काम नहीं करने दिया जाएगा। घटना के दौरान जब पीड़ित ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि इसके बाद आरोपी अपने घर के अंदर गया और हथियार लेकर वापस आया। उसने ठेकेदार के सीने पर हथियार तानते हुए जान से मारने की धमकी दी और दोबारा रुपये मांगने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। पीड़ित किसी तरह मौके से निकलकर अपनी जान बचाने में सफल रहा। आमिर खान का कहना है कि घटना के बाद उन्होंने कोतवाली पुलिस को शिकायत दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी शिकायत दर्ज कराई, फिर भी सुनवाई नहीं हुई। अंततः न्याय पाने के लिए उन्हें न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा।मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ललितपुर के आदेश के बाद कोतवाली पुलिस ने 8 जून 2026 को आरोपी रामकुमार दुबे के खिलाफ बीएनएस की धारा 316(2), 115(2), 352, 351(3) और 308(2) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# समाज की समस्याओं के निराकरण के लिए मंत्री ने दिया डीओ लेटर



**ललितपुर।** जिला राठौर प्रभारी समिति के प्रमुख रविशंकर राठौर 'पूर्व पार्षद' एवं विनोद कुमार राठौर 'मुनीम' ने नगर विकास राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश शासन, राकेश राठौर 'गुरु' से उनके सीतापुर स्थित आवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री के समक्ष जिला राठौर समाज की जटिल समस्याओं को विस्तार से रखा और समाज के उत्थान को लेकर विचार-विमर्श किया। मंत्री ने करीब एक घंटा अपना अमूल्य समय देकर सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना। मंत्री राकेश राठौर ने समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित विभाग को डी.ओ. लेटर तत्काल रविशंकर राठौर एवं विनोद राठौर को हाथों-हाथ सौंपा। इससे समाज के लंबे समय से अधूरे पड़े कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। इस सकारात्मक पहल पर जिला राठौर समाज, ललितपुर ने मंत्री का आभार व्यक्त किया है।

### मुंबई निवासी महिला ने लगाया गाली-गलौज कर धमकाने का आरोप

# मां से मिलने आई महिला से मारपीट का आरोप

**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला रावतयाना में वृद्ध मां से मिलने आई एक महिला के साथ कथित मारपीट, अभद्रता और जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि मोहल्ले में रहने वाले एक दंपत्ति ने उसके साथ सरेराह गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और दोबारा ललितपुर आने पर उसे तथा उसके पति को जान से खत्म करने की धमकी दी। स्थानीय स्तर पर कार्रवाई न होने के बाद मामला न्यायालय पहुंचा, जिसके आदेश पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मोहल्ला रावतयाना निवासी तथा वर्तमान में पनवेल, मुंबई में रहने वाली निधिकमल वर्मा 3 मई 2025 को अपनी वृद्ध मां ममता देवी के बुलावे पर उनसे मिलने ललितपुर आई थीं। सुबह करीब नौ बजे वह अपनी मां के घर पहुंचीं, तभी विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई।

आरोप है कि रावतयाना में रहने वाले गौरव सिंह और उनकी पत्नी संध्या सिंह ने उन्हें रास्ते में रोक लिया और कथित रूप से गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि दोनों ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उनके साथ मारपीट भी की। पीड़िता का कहना है कि घटना के दौरान आसपास के कई लोग मौजूद थे, जिन्होंने पूरे घटनाक्रम को देखा। मामले को लेकर मोहल्ले में भी काफी चर्चा रही। पीड़िता के अनुसार, आरोपियों ने कहा कि यदि वह दोबारा अपनी मां से मिलने ललितपुर आईं तो उन्हें और उनके पति को जान से मार दिया जाएगा। पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद उन्होंने कोतवाली पुलिस को शिकायत दी थी, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी प्रार्थना पत्र देकर न्याय की मांग की, किंतु वहां से भी समाधान नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने न्यायालय की शरण ली। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है।

### ड्यूटी पर गए फायरमैन के आवास में लाखों की चोरी

**ललितपुर।** शहर के सिविल लाइंस स्थित सरकारी आवासों की सुरक्षा पर उस समय सवाल खड़े हो गए, जब अज्ञात चोरों ने फायर सर्विस में तैनात एक फायरमैन के सूने सरकारी क्वार्टर को निशाना बनाकर लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। चोर खिड़की का शीशा और मच्छर जाली तोड़कर घर के अंदर दाखिल हुए तथा अलमारी में रखी डेढ़ लाख रुपये की नकदी और सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। झांसी जनपद के ग्राम मुरारी निवासी कपिल कुमार वर्तमान में ललितपुर फायर सर्विस में फायरमैन के पद पर कार्यरत हैं। वह सिविल लाइंस स्थित सरकारी आवास संख्या-03 में रहते हैं। कपिल कुमार ने बताया कि 24 मई को विभागीय व्यवस्था के तहत उनकी ड्यूटी महरौनी थाना क्षेत्र में लगा दी गई थी। ड्यूटी के लिए रवाना होते समय उन्होंने अपने सरकारी आवास में ताला लगाकर घर बंद कर दिया था। करीब 12 दिन बाद 5 जून की सुबह जब कपिल कुमार ड्यूटी समाप्त कर अपने सरकारी आवास पहुंचे, तो घर की हालत देखकर दंग रह गए। कमरे की खिड़की का शीशा टूटा हुआ था और मच्छर जाली भी क्षतिग्रस्त थी। अंदर प्रवेश करने पर पूरा सामान बिखरा पड़ा मिला तथा अलमारी खुली हुई थी। पीड़ित के अनुसार, चोर अलमारी में रखी करीब डेढ़ लाख रुपये की नकदी अपने साथ ले गए। इसके अलावा चार सोने की अंगूठियां, एक मंगलसूत्र, एक सोने का हार तथा चांदी की पायल, बिछिया और अन्य कीमती आभूषण भी चोरी हो गए। चोरी गए सामान की कुल कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है।

### सात सूत्रीय मांगों को लेकर जिला उद्योग व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन

# व्यापारियों की समस्या का समाधान करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिला उद्योग व्यापार मंडल ललितपुर के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने मंगलवार को प्रदेश के व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपर जिलाधिकारी (एडीएम) को सौंपा। यह ज्ञापन प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य बनवारी लाल कंछल के आह्वान पर प्रदेशव्यापी अभियान के तहत दिया गया।

ज्ञापन में कहा गया कि देश एवं प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में व्यापारियों का महत्वपूर्ण योगदान है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में व्यापारियों द्वारा जीएसटी के माध्यम से केंद्र सरकार को लगभग 22.16 लाख करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। इसके बावजूद व्यापारियों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिनके समाधान की आवश्यकता है।



व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री से मांग की कि जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों का स्वास्थ्य बीमा कराया जाए तथा दुकान में आग लगने जैसी दुर्घटनाओं की स्थिति में एक करोड़ रुपये तक का बीमा कवर उपलब्ध कराया जाए। इसके अलावा विभिन्न विभागों की बकाया राशि एवं जीएसटी रिटर्न विलंब से जमा करने पर लिए जाने वाले 18 प्रतिशत ब्याज को घटाकर 9 प्रतिशत किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में सभी विभागों के लाइसेंस आजीवन किए जाने, विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली छापेमारी संबंधी व्यवस्था समाप्त करने, बिजली बिलों में फिक्स चार्ज एवं न्यूनतम शुल्क समाप्त करने तथा व्यापारियों को प्राथमिकता के आधार पर शस्त्र लाइसेंस जारी करने की मांग भी उठाई गई।

# दूसरे दिन भी सकुशल व नकलविहीन संपन्न हुई पुलिस आरक्षी परीक्षा

### जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश नागरिक पुलिस आरक्षी एवं समकक्ष पदों पर भर्ती-2025 की 3 दिवसीय परीक्षा के दूसरे दिन मंगलवार को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक ने पुनः सभी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया और पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को सकुशल, शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। परीक्षा की प्रथम पाली में कुल 3120 अभ्यर्थियों में से 2391 उपस्थित व 729 अनुपस्थित रहे, इसी प्रकार द्वितीय पाली में कुल 3120 अभ्यर्थियों में से 2380 उपस्थित व 740 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान सभी केन्द्रों पर पुलिस बल का कड़ा पहरा रहा और सघन तलाशी अभियान भी लगातार चलता रहा। इस दौरान किसी को भी मोबाइल व अन्य इलैक्ट्रॉनिक गैजेट अंदर ले जाने की अनुमति नहीं थी। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने अपनी टीम के साथ सभी परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर हर गतिविधि पर नजर बनाए रखी।



बीते कई दिनों से चल रहे अवैध कारोबार पर सुठालिया मऊ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# अवैध रेत उत्खनन कर रहे चार ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ 24 लाख रुपए का मशरूका जब्त






हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

जिले की सीमा पर पार्वती नदी में पिछले कई दिनों से चल रहे अवैध रेत उत्खनन पर सोमवार को सुठालिया मऊ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। अवैध रेत उत्खनन कर चोरी करते 04 ट्रैक्टर ट्राली के साथ करीब 24 लाख रूपये का मशरूका जब्त किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित कुमार तोलानी, अतिरि. पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी ब्यावरा राकेश शर्मा के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सुठालिया अनिल राहोरिया के साथ उनकी टीम द्वारा की गई।

जानकारी के मुताबिक 07 जून को मुखबिर सूचना प्राप्त होने पर थाना सुठालिया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम महाराजखेडा में पार्वती नदी किनारे दबिश दी गई। जिसमें 04 टृक्टर चालक पुलिस को देखकर मौके से भाग गए। जो पारवती नदी से अवैध रेत उत्खनन कर चोरी कर अवैध रूप से लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से बिना रायल्टी के रेत भरकर परिवहन कर रहे थे।

### मौके से यह अवैध वाहन हुए जब्त

1. सोनालिका कंपनी का नीले रंग का टृक्टर जिसका रजिस्टरेशन क्रमांक एमपी 39 एबी 9715 मय रेत भरी टृाली कीमत 6,50,000 रूपये।
2. सोनालिका कंपनी का नीले रंग का टृक्टर जिसका चैचिस नंबर एचजेडजीडीके 1322123 एस3 मय रेत भरी टराली कीमती 6,50,000 रूपये।
3. एक स्वराज कंपनी 775 एफई नीले रंग का टृक्टर जिसका चैचिस नंबर एमबीएनएजे 48 एएफजेटीएम 49923 मय रेत भरी टृाली कीमती 5,50,000 रूपये।
4. एक स्वराज कंपनी 744 नीले रंग का टृक्टर जिसका चैचिस नंबर डब्लूएसीजी 45605159303 मय रेत भरी टृाली कीमती 5,50,000 रूपये।

उक्त सभी वाहन के खिलाफ अपराध क्रमांक 230/26 धारा 303/2, बीएनएस 4/21 खान अर्धानियम 1952 में प्रकरण दर्ज कर वाहनों को जप्ती में लिया है। 'कुल जप्त मशरूका 04 टरेक्टर मय रेत भरी टराली कुल कीमती 24 लाख रूपये को जब्त कर सुरक्षित पुलिस थाना परिसर में खड़ा किया गया है। मौके से फरार ट्रेक्टर के अज्ञात चालको की तलाश जारी है।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

कार्रवाई में सराहनीय भूमिका- उनि अनिल राहोरिया(थाना प्रभारी), कार्य.सउनि जितेन्द्र भिलाला, प्रआर 717 सुरेन्द्र सिंह चौहान, प्रआर 354 श्याम सुंदर शर्मा, प्रआर 705 देशराज मीणा, प्र.आर.162 विनोद कुमार चौधरी, आरक्षक 844 सोनू अहिरवार, आरक्षक 976 शुभम पटवा, आरक्षक 939 प्रदुमन मीणा, आरक्षक 229 रामराज मीणा, आरक्षक 611 भैरूसिंह भंवर, सैनिक 258 भानू प्रताप सिंह का विशेष योगदान रहा।

पुलिस सूचना के बाद पहुंचा दुकानदार

# बस स्टैंड पर घरेलू गैस सिलेंडर से आधे घंटे तक गैस रिसाव




हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरावर

नगर के बस स्टैंड क्षेत्र में मंगलवार को एक बड़ी दुर्घटना टल गई, जब एक चाउमिन की दुकान में लगे घरेलू गैस सिलेंडर के पाइप से करीब आधे घंटे तक लगातार गैस का रिसाव होता रहा। गैस की तेज गंध फैलने से आसपास के दुकानदारों और राहगीरों में हड़कंप मच गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुकान बंद थी और अंदर लगे गैस सिलेंडर के पाइप से लगातार गैस निकल रही थी। स्थानीय लोगों ने दुकान संचालक को कई बार फोन लगाकर सूचना देने का प्रयास किया, लेकिन लंबे समय तक फोन नहीं उठाया गया। स्थिति गंभीर होते देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस को सूचना मिलने के बाद दुकान संचालक मौके पर पहुंचा और दुकान का ताला खोलकर गैस रिसाव बंद किया। बताया जा रहा है कि दुकान में चाउमिन बनाने के लिए घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा था। सिलेंडर के पाइप में खराबी के कारण गैस लगातार लीक होती रही। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बस स्टैंड जैसा भीड़भाड़ वाला क्षेत्र होने के कारण यदि किसी ने अनजाने में आग जला दी होती या कोई चिंगारी उत्पन्न हो जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

लोगों ने इस मामले को गंभीर लापरवाही बताते हुए संबंधित विभाग और प्रशासन से जांच कर कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया है कि व्यावसायिक उपयोग के लिए घरेलू गैस सिलेंडर का इस्तेमाल आखिर किसकी अनुमति से किया जा रहा था और सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वालों पर क्या कार्रवाई होगी। इस घटना ने एक बार फिर सार्वजनिक स्थानों पर गैस सुरक्षा और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में नियमों के पालन को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

# शिक्षा और समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को मिला 'समाज रत्न सम्मान'



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

पाटीदार समाज सेवा समिति, सारंगपुर द्वारा रविवार को स्थानीय मास्टरमाइंड स्कूल परिसर में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में आगर-मालवा, शाजापुर, राजगढ़ एवं उज्जैन जिले के विभिन्न समाजों के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के लगभग 40 मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया, जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने परिवार, विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष देवनारायण नगर एवं एसडीएम रोहित बम्होरिया रहे। विशेष अतिथियों में सुभाषचंद्र नाहर, नगरपालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश पाटीदार (इंदौर), हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला, एसडीओपी अरविंद सिंह, पाटीदार समाज सेवा समिति अध्यक्ष अरुण कुमार पाटीदार तथा मास्टरमाइंड स्कूल के एमडी किशोर सिंह अंगर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण, पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। स्वागत भाषण समिति के संयोजक नंदकिशोर पाटीदार ने दिया। समिति के पूर्व अध्यक्ष प्रो. आत्माराम पाटीदार ने समिति के उद्देश्यों, सामाजिक गतिविधियों एवं जनहितकारी कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की। समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र, शील्ड, बैग, श्रीमद्भागवत कथा पुस्तक, पानी की बोतल एवं लंच बॉक्स प्रदान कर सम्मानित किया गया। श्रीमती लक्ष्मी देवी माताजी की स्मृति में वरिष्ठ शिक्षक बद्री प्रसाद पाटीदार (पालड़यि माताजी) द्वारा विशेष पुरस्कार भी वितरित किए गए। इस अवसर पर इंदौर से पधारे वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश पाटीदार ने समिति के सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्यों के लिए 5 लाख रुपये की सहयोग राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम में समाज सेवा एवं संगठन निर्माण में उल्लेखनीय योगदान के लिए समिति के पूर्व अध्यक्ष प्रो. आत्माराम पाटीदार तथा वरिष्ठ शिक्षक बद्री प्रसाद पाटीदार को 'समाज रत्न सम्मान' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सत्यनारायण शिक्षक एवं विजय कुमार मंडलोई ने किया। इस दौरान मोहनलाल रावत, नंदकिशोर पाटीदार, जुगलकिशोर नाहर, मांगीलाल पाटीदार, मांगीलाल पाटीदार, नरेंद्र पाटीदार, धीरज पाटीदार, सुरेशचंद्र पाटीदार, मांगीलाल पाटीदार, वरुण पाटीदार, कमलेश पाटीदार, मानसिंह पाटीदार, लक्ष्मीनारायण पाटीदार सहित बड़ी संख्या में समाजजन, मातृशक्ति, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# 'भागवत श्रवण से दूर होते हैं कष्ट, सच्चा साथी वही जो विपत्ति में काम आए'

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिवस ज्योतिषाचार्य पं. सुरेश बिहारी जी नागर ने सुदामा-कृष्ण प्रसंग का बड़े रोचक ढंग से वर्णन करते हुए '''मित्रता हो तो सुदामा-कृष्ण जैसी''' का सारगर्भित संदेश दिया। इस अवसर पर पं. नागर ने भागवत कथा का संक्षिप्त सार मालवी भाषा शैली भगवान नारायण के सभी अवतारों का उल्लेख तथा सम्पूर्ण कथा का सार प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि 'मनुष्य का जीवन सर्वश्रेष्ठ है, लेकिन जब तक भगवान का ध्यान-सुमिरन न हो तब तक वह व्यर्थ है'। भागवत श्रवण से कष्ट दूर होते हैं, इसलिए 'जब भी समय मिले भगवान नाम सुमिरन करते रहना चाहिए'।

कष्ट-परेशानी में काम आवे वही सच्चा साथी है-इस सूत्र को समझाते हुए पं. नागर ने कहा कि संसार में सबसे श्रेष्ठ मित्र पत्नी होती है', जो अपने पति का हर समय साथ देती है। अच्छा हो या बुरा समय, पत्नी कभी विचलित नहीं होती। कृष्ण-सुदामा प्रसंग सुनाते हुए बताया कि अवंतिका में विधा अध्ययन के समय गुरूमाता के लिए चने सुदामा ने खायें जिसके कारण उन्हें पूरे जीवन निर्धन रहना पड़ा लेकिन उन्होंने ईश्वर को नहीं छोड़ा 'दीन सुदामा जब निर्धनता से परेशान थे, तब भगवान स्वयं ब्राह्मण बनकर सुदामा के घर गए' और उन्हें एक बार कृष्ण के पास आने का आग्रह कर आये। सुदामा की पत्नी ने उन्हें समझाया कि '''आपके बाल सखा कृष्ण के पास द्वारिका पहुंचो'''।




### लंबित शिकायतों की पेंडेंसी शून्य करने के निर्देश

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने अधिकारियों से कहा है कि प्रशासनिक कार्यों में बेहतर परिणाम और सुशासन सुनिश्चित करने के लिए क्षमता विकास पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। अधिकारियों को स्वयं को समयानुकूल अपडेट रखने के साथ-साथ अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के कौशल विकास एवं कार्यक्षमता बढ़ाने की दिशा में भी कार्य करना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए विभिन्न ऑनलाइन पोर्टलों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उपयोग कर दक्षता में वृद्धि कर सकते हैं।

## कुएं में डूबने से किसान और मजदूर की मौत, गांव में मातम

हरिभूमि न्यूज ▶▶पठारी

शनिवार को पठारी थाना अंतर्गत ग्राम बनोह के एक हादसा में किसान और मजदूर की कुएं में मौत हो गई।

भाजपा मंडल अध्यक्ष बलवीर सिंह ठाकुर ने बताया कि खेत के कुआं से सिंचाई मोटर निकलते समय हुई इस हृदय विदारक घटना से क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है। 40 वर्षीय किसान भगवान सिंह दांगी पुत्र कल्याण सिंह दांगी परिवार के इकलौते पुत्र थे। जिनके दो मासूम बच्चे हैं। जिसमें एक बेटा और एक बेटी है। भगवान सिंह दांगी सीमांत किसान है। वहीं 18 वर्षीय मजदूर गोलू अहिरवार पुत्र कैलाश अहिरवार गरीब परिवार का बेटा था। भाजपा मंडल अध्यक्ष बलवीर सिंह ठाकुर ने बताया कि ऐसी विषम परिस्थिति में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पीड़ित परिवार को दिलाया जाएगा। दोनों मृतकों का पोस्टमार्टम किया गया है।

### विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम

**विदिशा।** विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सुरक्षित, स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन के महत्व तथा खाद्य सुरक्षा मानकों की जानकारी दी गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के प्रावधानों, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच, एफएसएसएआई लाइसेंस, निर्माण तिथि और उपभोग अवधि की जांच के प्रति जागरूक किया। संतुलित आहार, खाद्य मिलावट की पहचान और खाद्य जनित रोगों की रोकथाम पर भी चर्चा हुई।

श्री श्याम परिवार सारंगपुर के तत्वावधान में विशाल निःशुल्क ईएनटी स्वास्थ्य शिविर आयोजित

# 100 से अधिक मरीजों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण, लिया परामर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

श्री श्याम परिवार सारंगपुर के तत्वावधान में एवं इंदौर की बेलो ईएनटी हॉस्पिटल की विशेषज्ञ टीम द्वारा रविवार को बालाजी मैरिज गार्डन, सारंगपुर में नाक, कान एवं गला (ईएनटी) रोगों का विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।



शिविर में 100 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में इंदौर से आई विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम में डॉ. संध्या जैन, डॉ. नताशा शेख, भीमसिंह चैधरी, शिल्पा सेन एवं सुनील सिंह सहित अन्य चिकित्सक शामिल रहे। चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर विभिन्न ईएनटी संबंधी समस्याओं के उपचार एवं बचाव के बारे में जानकारी दी। आयोजन को सफल बनाने में श्री श्याम परिवार के अध्यक्ष निलेश वर्मा, दिनेश राठौर, जितेंद्र मालवीय, धर्मेंद्र मालवीय, सुरेश जाटव, अंशुल पुष्पद, जुगराज विश्वकर्मा, संजू कुशवाह, प्रकाश सोनी, महेश पाटीदार, विजय अटनेरिया, जितेंद्र पुष्पद, मनीष सोनी, मनीष चैरसिया, हरीश पुष्पद, दुर्गाशंकर पाटीदार एवं मंगलाजी सहित सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया तथा आयोजकों के इस सामाजिक प्रयास की सराहना की।